छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा | सप्तम सत्र | अंक-16

रायपुर, मंगलवार, दिनांक 22 मार्च, 2016
(चैत्र 2, शक संवत् 1938)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.01 बजे समवेत हुई।
(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. प्रश्नकाल

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01, 02, 03, 06, 08, 09, 10, 12, 15, 17, 20 एवं 21 (कुल 12) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये।

तारांकित प्रश्न संख्या 04, 05, 07, 11, 13, 14, 16, 18, एवं 19 के प्रश्नकर्ता सदस्य क्रमश: सर्वश्री संतोष बाफना, लालजीत सिंह राठिया, शंकर घ्रुवा, खेलसाय सिंह, श्रीमती केराबाई मनहर, सर्वश्री अमरजीत भगत, भोलाराम साहू, टी.एस.सिंहदेव, बृहस्पत सिंह अनुपस्थित रहे।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 38 तारांकित एवं 44 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

2. बहिर्गमन

तारांकित प्रश्न संख्या 10 पर चर्चा के दौरान श्री भूपेश बघेल, सदस्य के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों ने शासन के उत्तर के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया ।

3. अध्यादेश का पटल पर रखा जाना

श्री अमर अग्रवाल, वाणिज्यिक कर मंत्री ने छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर (संशोधन) अध्यादेश, 2015 (क्रमांक 5 सन् 2015) **पटल पर रखा।**

(सभापति महोदय (श्री संतोष बाफना) पीठासीन हुए।)

4. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) श्री उमेश पटेल, सदस्य ने प्रदेश के असंगठित कर्मकारों को शासकीय योजनाओं का लाभ न मिलने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री भईयालाल राजवाड़े, श्रम मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) श्री देवजी भाई पटेल, सदस्य (अनुपस्थित) (सूचना प्रस्तुत नहीं हुई)

5. नियम 267-क के अंतर्गत विषय

श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य ने जांजगीर चांपा के सरपंचों द्वारा शासकीय भूमि को आवंटित किये जाने संबंधी नियम 267-क की सूचना पढ़ी।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

6. वर्ष 2016-2017 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमशः)

(2) श्री केदार कश्यप, आदिम जाति विकास मंत्री ने अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 82, आदिम जाति कल्याण से संबंधित मांग संख्या 33, अनुसूचित जनजाति उपयोजना से संबंधित मांग संख्या 41, अनुसूचित जनजाति उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल से संबंधित मांग संख्या 42, अनुसूचित जाति कल्याण से संबंधित मांग संख्या 49, अनुसूचित जाति उपयोजनान्तर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 53, अनुसूचित जाति उपयोजना से संबंधित मांग संख्या 64, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित मांग संख्या 66, अनुसूचित जनजाति उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-भवन से संबंधित मांग संख्या 68, अनुसूचित जाति उपयोजनान्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 15, अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 83 एवं स्कूल शिक्षा से संबंधित मांग संख्या 27 प्रस्तुत की ।

मांग संख्या-33 पर सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, संतराम नेताम मांग संख्या-41 पर श्री संतराम नेताम मांग संख्या-66 पर श्री रामदयाल उइके मांग संख्या- 68 पर श्री मोहन मरकाम मांग संख्या-27 पर सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, अरूण वोरा, सियाराम कौशिक, जनकराम वर्मा, संतराम नेताम, राजेन्द्र कुमार राय, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री मोहन मरकाम, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया:-

सर्वश्री शिवरतन शर्मा, धनेन्द्र साहू,

(सभापति महोदय (श्री संतोष बाफना) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री अवधेश सिंह चंदेल, भूपेश बघेल,

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

7. बजट पुस्तिका में संशोधन

श्री केदार कश्यप, आदिम जाति विकास मंत्री ने बजट पुस्तक क्रमांक 20 एवं 25 में आवश्यक संशोधन प्रस्तुत किया ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि माननीय आदिम जाति विकास मंत्री की ओर से प्राप्त संशोधन संबंधी शुद्धि पत्र पत्रक भाग-दो के माध्यम से माननीय सदस्यों को वितरित किया जा रहा है।

8. वर्ष 2016-2017 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमश:)

डॉ.खिलावन साहू, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री चुन्नीलाल साहू(खल्लारी), संतराम नेताम, (डॉ.) सनम जांगड़े,

(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए।)

सर्वश्री दिलीप लहरिया, नवीन मारकण्डेय, दलेश्वर साहू, श्रीमती सरोजनी बंजारे, डॉ. विमल चोपड़ा।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

श्री केदार कश्यप, आदिम जाति विकास मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

9. होली की शुभकामनाएं

माननीय अध्यक्ष् ने सदन की ओर से माननीय सदस्यों एवं प्रदेश वासियों को रंगों के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

सायं 5.24 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 28 मार्च, 2016 (चैत्र - 8, शक संवत् 1938) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा